# मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने की कवायद जारी

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रशासन की बैठक, निर्वाचक नामावली को लेकर विशेष कैंप आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रोल प्रेक्षक एवं संभागायुक्त जबलपुर अभय वर्मा की अध्यक्षता में फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को सम्पन्न हुई।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीतला पटले, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंजली शाह, सहायक कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी तेंदूखेडा शुभम यादव, सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, राजनैतिक दलों से अमितेन्द्र नारोलिया, विनोद श्रीवास्तव, गोलू राय, प्रेमनारायण जाटव, गिरवर सिंह टंटवाल, दिनेश दुबे, नबाव ठाकुर, शब्बीर मंसूरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पटले ने फोटो निर्वाचक नामावली की गतिविधियों को विस्तार से बताया। बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने मतदान केन्द्रों में मतदाता संख्या अधिकतम 1200 किये जाने तथा मतदान केन्द्र रानी अवंतीबाई एवं शंकराचार्य वार्ड में मतदाताओं का सर्वे पुनः करने, मतदाताओं को अपने निज निवास के मतदान केन्द्र में नाम दर्ज करने की बात कही। इस पर रोल प्रेक्षक एवं संभागायुक्त ने तहसीलदार नरसिंहपुर को पुनः सर्वे कराने के निर्देश दिये।



जनप्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचक नामावली के संबंध में जिले में दो दिवस का विशेष कैम्प आयोजित किये जाने की बात कही। इस पर संभागायुक्त ने जिले के मतदान केन्द्रों में 27 एवं 28 नवम्बर को विशेष कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये। साथ ही निर्देशित किया कि सभी बीएलओ अपने- अपने मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहकर निर्वाचक नामावली के फार्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त करें।

संभागायुक्त वर्मा ने सभी राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई कि वे अपने दल की ओर से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। सभी से अधिक से अधिक निर्वाचक नामावली में नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत तथा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम नामावली से पृथक करने में सहयोग करने की अपेक्षा की।

### बाल विवाह मुक्त भारत जन जागरुकता कार्यक्रम

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पटेल वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र में बाल विवाह मुक्त जन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत बाल विवाह मुक्त भारत जन जागरूकता कार्यक्रम वार्ड पार्षद सभापति चंचल कोरी की विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्ड की महिलाओं को शपथ दिलाई गई और सभी महिलाओं को बताया कि 18 वर्ष से पूर्व बालिका का और 21 वर्ष पूर्व बालको का विवाह नहीं करना चाहिए यह जानकारी दी गई। कार्यक्रम मैं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री कोरी सहायिका आशा कोरी उपस्थित रही।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स में ब्लॉकस्तरीय चयन स्पर्धा पांच से नौ दिसम्बर तक

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** खेलो एमपी यूथ गेम्स-2024 के तहत ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर आयोजित की जायेगी। खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर चयन स्पर्धा 5 से 9 दिसंबर 2024 को आयोजित की जायेगी।

ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा के 19 खेलों में एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बेडमिंटन, बॉक्सिंग, फुटबाल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो- खो, मलखंब, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबिल- टेनिस, क्रिकेट, योगासन, व्हालीबॉल, टेनिस एवं शतरंज को शामिल किया गया है। चयन स्पर्धा विकासखंड करेली एवं सांईखेड़ा में 5 दिसम्बर को, नरसिंहपुर में 6 दिसम्बर को, चांवरपाठा व गोटेगांव में 7 दिसम्बर को और चीचली में 9 दिसम्बर को आयोजित की जायेगी। इसके लिए आयोजन प्रभारी नियुक्त किये गये हैं।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता 13 दिसंबर को नरसिंहपुर में 18 खेल एवं 14 दिसंबर को तैराकी की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बालक एवं बालिका की आयु 31 दिसम्बर 2024 की स्थिति में 19 वर्ष से कम होनी चाहिये।

एक खिलाड़ी एक ही स्पर्धा में भाग ले सकेगा। खिलाड़ियों की आयु बोर्ड परीक्षा की अंकसूची तथा जन्म प्रमाण पत्र के माध्यम से ही सत्यता की जाँच की जायेगी। इसके अलावा कोई अन्य अभिलेख मान्य नहीं होंगे। खिलाड़ी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी एवं पासबुक की प्रति आवेदन फार्म के साथ संलग्न करना होगा।

ऑनलाइन पंजीयन किये गये खिलाड़ियों को ही ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा में भाग लेने की पात्रता होगी। ऑनलाइन लिंक एवं बार कोड आवेदन फार्म में अंकित है। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी नरसिंहपुर ने कहा कि अपने विकासखंड स्तरीय आयोजित चयन स्पर्धा में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक सहभागिता कराने के लिए निर्देशित करने एवं संबंधित विकासखंडों की विभिन्न शालाओं में पदस्थ पीटीआई, खेल शिक्षक, शिक्षक प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए कहा है।

## सार-समाचार

### सूखाखैरी के स्कूल में विविध कार्यक्रम आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस ग्राम सूखाखैरी मे मध्य प्रदेश सरकार एवं इस्कॉन के द्वारा श्रीमद भगवत गीता पर आधारित प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा नवमी के छात्र एवं छात्राओं द्वारा परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से दी गई। इसके अलावा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य महेन्द्र सिंह पटेल व समस्त स्टाफ द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं को संविधान के विषय मे उपयोगी जानकारी दी गई। इस अवसर पर शालेय स्टाफ एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

### जन जागरण अभियान में नशा मुक्ति के बताए उपाय

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पुलिस थाना गाडरवारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत आमगांव में नशा मुक्ति जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारी आश्रम से अंजना दीदी द्वारा नशा के दुष्परिणाम और नशा से होने वाले नुकसान को बताया गया और आध्यात्म द्वारा नशा किस प्रकार छोड़ जाए उसके भी उपाय बताएं। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़कर नशा कैसे छूटा जाता है, इस पर ब्रह्मा कुमार शिवदयाल भाई ने बिगत 10 सालों से राजयोग के अभ्यास द्वारा संपूर्ण नशा त्याग कर अपने जीवन एवं परिवार को खुशहाल बनाया और दूसरों को नशा छुड़ाने के प्रेरक बने। इस कार्यक्रम में उनका सम्मान एसपी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा नशा मुक्ति पर नशा को छुड़ाने के लिए एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में पुलिस, एसडीओपी रत्नेश मिश्रा ने नशा मुक्त होने के कारण बताएं और नशे से जीवन कैसे खराब होता है। एसपी मृगाखी डेका ने कहा कि प्रशासन की मदद के द्वारा नशा छुड़ाने के लिए पूर्णतया मदद का भी आश्वासन दिया और कहा की शक्ति से नशा को नहीं छुड़ाया जा सकता इसके लिए तो स्वयं को पहल करनी होगी। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका, एसडीओपी रत्नेश मिश्रा एस आई मनीषा लिल्लार, वर्षा धाकड़ समस्त पुलिस स्टाफ, आमगांव सरपंच समाजसेवी एवं अन्य संस्था के सदस्य ब्रह्माकुमारी अंजना दीदी, शिवानी दीदी आभा बहन उपस्थित रहे।

### सांगई में जल संरक्षण पर विद्यार्थियों ने बनाये पोस्टर

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस समीपी ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे राज्य शिक्षा के निर्देशानुसार जल संरक्षण पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता मे छात्र छात्राओं ने जल संरक्षण पर कार्डशीट पर आकर्षक पोस्टर एवं चित्र बनाकर जल का महत्त्व बताया। इस आयोजन मे शाला के माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण पर उपयोगी जानकारी देते हुए जल की बर्बादी रोकने के उपाय बताये। कार्यक्रम मे छात्रा चांदनी कहार एवं अंकिता धानक ने कहा कि हमें जल का संरक्षण करना जरुरी है नहीं तो भविष्य मे समस्या का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव, अतिथि शिक्षक श्रीमति रानू यादव ने भी छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। प्रतियोगिता मे अनीता केवट, लक्ष्मी केवट, पूजा धानक, हेमवती धानक, रक्षा केवट, मनीष केवट एवं अजय केवट सहित अनेक छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

### स्वास्थ्य विभाग ने ठंड एवं शीतलहर से बचाव के लिए नागरिकों को दी सलाह

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पर्यावरण परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष प्रकाश सिंह एवं जिला एपीडिमियोलॉजिस्ट/ नोडल अधिकारी डॉ. गुलाब खातरकर ने शीत लहर से बचाव के संबंध में नागरिकों को सलाह दी है।लोगों को शीतलहर से बचाव के संबंध में बताया कि माह दिसम्बर एवं जनवरी में ठंड/ शीतलहर से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, बेघर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों एवं खुले में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यापारियों पर अधिक प्रभाव पड़ता है।

ठंड एवं शीतलहर से नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक-कान से खून आना, हाथ की ऊंगलियों- कान- नाक अथवा पैर की ऊंगलियों में सफेदी या फीकापन, कपकपी आना, बोलने में कठिनाई, अधिक नींद आना, मांसपेसियों में अकड़न, सांस लेने में तकलीफ, कमजोरी, हाईपोथरमिया/ अल्पताप जैसे लक्षण सामान्यत पाये जाते हैं। उक्त लक्षण पाये जाने पर नागरिक तत्काल चिकित्सक की सलाह एवं नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार लेने, ऊनी कपड़ों को कई परतों में उपयोग करने की सलाह दी है। शीत लहर के संभावना के समय आवश्यक न हो तो यात्रा नहीं करें। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिये सामग्री की व्यवस्था पूर्व से रखे। फस्ट एड की व्यवस्था रखें। हाईपोथरमिया/ अल्पताप से बचाव के लिये गरम कपड़े, कम्बल, टावेल व शीट का उपयोग करें। गरम तरल पेय पदार्थ का उपयोग करें। विटामिन सी युक्त फल एवं सब्जियों का पर्याप्त सेवन करें, ताकि रोग प्रतिरोध क्षमता एवं शरीर का तापमान संतुलित रहे। नागरिक हीटर, फायर पॉट, कोयला, अंगीठी का इस्तेमाल बंद कमरों में न करें। इससे कार्बन मोनोडाईऑक्साईड का खतरा होता है। मदिरा पान करने से बचे। हाईपाथरमिया, शीत लहर के कारण व्यक्ति यदि गंभीर हालत में हो तो गरम तरल पदार्थ नहीं दें।

# कलेक्टर ने हितग्राहियों और बैंक मैनेजरों को किया सम्मानित



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई हॉल में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत हितग्राहियों और बैंक मैनेजरों को सम्मानित किया। उन्होंने शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन- डीएवाय एनयूएलएम नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत सबसे अधिक ऋण वितरण करने वाले एसबीआई बैंक नरसिंहपुर के मैनेजर शुभम यादव द्वारा 50 हजार रुपये और कैंनरा बैंक नरसिंहपुर के मैनेजर अमित कुमार द्वारा 20 हजार रुपये का ब्याज मुक्त ऋण हितग्राहियों को वितरित किया गया। इस पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने सम्मानित किया। इसके अलावा कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राही धनीराम सेन द्वारा 50 हजार रुपये, कमलेश मेहरा द्वारा 50 हजार रुपये, शुभम मेहरा द्वारा 50 हजार रुपये, आशा साहू द्वारा 20 हजार रुपये, राधा बाई मेहरा 20 हजार रुपये और आरती कहार द्वारा 20 हजार रुपये का ब्याज मुक्त ऋण लेने पर सम्मान किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी श्रीमती वंदना जाट, सिटी मिशन मैनेजर श्रीमती अंजुला गोटिया, सामुदायिक संगठन अरविंद मेहरा, सहायक राजस्व निरीक्षक नीलेश मेहरा, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और हितग्राही व नागरिक मौजूद थे।

## शाहपुर के हाई स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम शाहपुर के शासकीय हाई स्कूल में मप्र लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार जनजाति गौरव दिवस पखवाड़ा के अवसर पर आदिवासी संस्कृति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे छात्राओं ने आदिवासी लोक नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमति रेखा चौहान ने छात्र छात्राओं को जनजातीय पखबाड़े के बारे मे बताया। इस अवसर पर शालेय स्टॉफ एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

# आशा अवार्ड अलंकरण समारोह आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** टीआरनेमा फाउंडेशन का वार्षिक समारोह एवं आशा अवॉर्ड अलंकरण वर्ष 2024 एमआईएमटी कॉलेज के सभागार में सम्पन्न हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल और डॉ संजीव चांदौरकर, अध्यक्षता प्रसिद्ध हास्य कवि गुरु प्रसाद सक्सेना सांड़ नरसिंहपुरी ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में थम्मन शर्मा, साहित्यकार इंजी. नरेश जैन जबलपुर, विजय नेमा भोपाल, प्रभुनारायण नेमा छिंदवाड़ा, विजय नेमा अनुज जबलपुर रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के स्वागत से किया गया। जिसका संचालन श्रीमती आयुषी अनादि नेमा ने किया। फाउंडेशन सचिव कमल नेमा द्वारा फाउंडेशन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। एम.आई.एम. टी. महाविद्यालय के सभागार में टी.आर.नेमा फॉउंडेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल डेव्लप्मेंट नरसिंहपुर द्वारा सुप्रसिद्ध कवि और शिक्षाविद स्व. तुलसी राम जी नेमा की 92 वीं जन्म जयंती आयोजित की गई।



### टीआर नेमा फाउंडेशन के वार्षिक समारोह में याद किए गए कवि व शिक्षाविद तुलसीराम नेमा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि नेमा जी रामचरित मानस की चौपाइयों के गूढ़ अर्थों को बहुत मौलिक उद्धावनाओं के साथ प्रकट करते थे। नेमा जी का व्यक्तित्व बहुत प्रभावशाली और देश समाज को दिशा देने वाला था। मुख्य अतिथि की आसंदी से डॉ. संजीव चांदोरकर ने नेमा जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए उनके सामाजिक चिंतन को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि कवि और लेखक नरेश जैन ने तुलसीराम जी नेमा की रचनाधर्मिता की चर्चा करते हुए कहा कि नेमा की कविता का केंद्रीय विषय इंसान और इंसानियत रहा है। उन्होंने आम आदमी के जीवन संघर्ष , उसकी आशाओं- आकाक्षाओं, उसकी क्षमताओं और विवशताओं को बहुत ही यथार्थपरक दृष्टि से अभिव्यक्त किया है। मुक्तक उनकी प्रिय विधा थी। नेमा जी के मुक्तक संग्रह का शीर्षक है बेजोड़ है यह आदमी नेमा जी भी अपने आप में बेजोड़ शख्सियत थे। वे जितने अनूठे कवि थे उतने ही प्रखर शिक्षाविद और संवेदनशील इंसान थे।

डॉ. सुधीर सिंघई ने अपने जीवन के बौद्धिक और भावनात्मक विकास पर नेमा जी के प्रभाव को याद किया। आचार्य थम्मन सिंह शर्मा ने बताया कि नरसिंहपुर के सामाजिक, शैक्षिक, दार्शनिक और राजनीतिक विचार क्षेत्र में तुलसी राम जी नेमा की कितनी महत्वपूर्ण और प्रेरक भूमिका होती थी। नेमा जी के साथी ललित बिहारी श्रीवास्तव ने बहुत ही आत्मीयता के साथ उन प्रसंगों को याद किया जिसमें नेमा जी मानस के अक अद्भुत व्याख्याकर के रूप में प्रतिष्ठित थे। आयोजन के अध्यक्ष विख्यात हास्य व्यंग्य कवि गुरु प्रसाद सक्सेना साँड नरसिंहपुरी ने अपने उद्बोधन में नेमा जी को अत्यंत श्रद्धापूर्वक याद करते हुए कहा कि नेमा जी ने ही मुझे जीवन दृष्टि दी जिससे मैं अपनी हास्य कविताओं में भी सामाजिक मर्यादा का निर्वाह कर सका। कार्यक्रम की दूसरे चरण में श्रीकृष्णदास नेमा द्वारा प्रवर्तित आशा अवार्ड बालाघाट की साहित्यकार तृप्ति नेमा माहुले उर अमरवाड़ा के युवा समाज सेवी दिनेश नेमा को प्रदान किया गया। इस प्रसंग में विदुषी स्वाति चांदोरकर ने स्व. आशा नेमा के व्यक्तित्व की खूबियों को स्नेहिल शब्दों में व्यक्त किया । कार्यक्रम का प्रभावी संचालन नेमा जी के ज्येष्ठ पुत्र और सशक्त व्यंग्यकार अजय तुलसी ने किया। अजय तुलसी ने बताया कि नेमा जी का अभी भी विपुल लेखन अप्रकाशित है जिसमें सबसे अधिक उल्लेखनीय कृति राम की चौथी माँ मंथरा है जिसका शीघ्र प्रकाशन प्रस्तावित है।

# संविधान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्रभारी प्राचार्य डॉ.सीएस राजहंस के मार्गदर्शन में रासेयो, विधि विभाग एवं राजनीती विज्ञान विभाग के सयुंक्त तत्वाधान में संविधान दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्राचार्य द्वारा संविधान संछेपिका का सामूहिक वाचन एवं सीधा प्रसारण दिखया गया, डॉ.सी.एस. राजहंस एवं प्रो.रीता रावत द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किये गए एवं तत्पश्चात भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आषना यादव, द्वितीय स्थान सोना शर्मा एवं तृतीय स्थान चंदन सिंह यादव एवं रोहित सिंह गौंड नें सयुंक्त रूप से प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ चेतना उपाध्याय नें किया।

कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ज्योत्स्ना झारिया, डॉ. जी.एस. मार्सकोले, डॉ.स्वाती चंदोरकर, डॉ.संतोष उपरेलिया, डॉ.गणेश कुमार सोनी, प्रो.सुधा शाक्य, प्रो. राजेश ठाकुर, प्रो. भरत ठाकुर, प्रो.सतीश बैस, डॉ नरेश कुमार नेमा ,प्रो.प्रीति कौरव, विधि विभाग के विद्यार्थी, रासेयो के स्वयं सेवक एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव के समीपवर्ती ग्राम बगासपुर के शासकीय हाई स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया जिसमें कु.खुशी प्रजापति द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन प्रार्थना सभा में किया गया। संस्था प्राचार्य रंजीत सिंह पिपरोलिया द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन का सामान्य परिचय देते हुए संविधान कब और कैसे लागू किया गया,इस पर छात्रों से संवाद किया गया।अभिषेक चौरसिया ने प्रारुप समिति के अध्यक्ष एवं संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। संस्था में उपस्थित आरती लोधी, घनश्याम चौधरी एवं मंजरी विश्वकर्मा का विशेष सहयोग रहा। इसके पश्चात कक्षा नवमी के विद्यार्थियों ने गीता कॉण्टेस्ट आनलाइन परीक्षा में भाग लिया। आदिवासी गौरव दिवस के तत्वाधान में शाला में रंगोली, निबंध, चित्रकला, सेमीनार,गीत गायन, नृत्य एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



## अवैध गतिविधियों को रोकने सकल समाज ने दिया ज्ञापन



**करेली, देशबन्धु।** नगरपालिका क्षेत्र करेली बस्ती में बढ़ते अपराध को रोकने हेतु सकल समाज के लोग एकत्रित हुए हाल ही में बस्ती में एक हत्या होने से करेली बस्ती के लोगो में आक्रोश है आखिर ऐसी घटनाएं क्षेत्र में क्यो हो रही है करेली बस्ती के रहवासी नही चाहते कि ऐसी घटना दोबारा हो इसके पीछे कही न कही अवैध शराब बिक्री, जुआ,सट्टा, अवैध गांजा बिक्री, खुले में मांस बिक्री का संचालन जो खुले तौर पर हो रहा है जिससे बस्ती के युवा नशे की चपेट में आ रहे है जिससे हत्या जैसे गंभीर अपराध उत्तपन्न हो रहे है । इन सभी अवैध कार्यो पर शासन प्रशासन द्वारा तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए की मांगों लो लेकर करेली बस्ती के रहवासियों ने जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार करेली, थाना करेली, नगरपालिका करेली के नाम ज्ञापन सौपा साथ ही यदि प्रशासन द्वारा जल्द कार्यवाही नही की जाती तो लामबंद होकर आंदोलन करने की बात कही।

## संविधान दिवस पर न्यायालय में कार्यक्रम आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय न्यायालय परिसर में संविधान दिवस पर न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारियों के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया, जिसमें मनीष कुमार श्रीवास्तव प्रथम जिला न्यायाधीश, सूरज सिंह राठौड चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश0आरती डींगरा तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, अश्विन परमार द्वितीय अ.व्यव.न्यायाधीश, अजय सिंह यादव अतिरिक्त व्यवहार, विनय सोनी अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश, शाम्भवी सिंह द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, यश शर्मा अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश अधिवक्तागण एचबी रफीक, गोपाल मेहरा उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ, बसंत तपा सचिव अधिवक्ता संघ, अहमद खॉ, शंभूदयाल सराठे, अभिषेक गुप्ता, शरद शर्मा, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, नवीन सोनी, प्रदीप कोष्टी, संजय भारके, शिखा सोनी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए